भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर का बुरहानपुर में किया स्वागत

युवा तरुनाई के कंधों पर राष्ट्र निर्माण का दायित्व : श्याम टेलर

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्याम जी टेलर के प्रथम बुरहानपुर आगमन पर सिंधी बस्ती चौराहा से स्वर्गीय परमानंद गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम तक पैदल चले। इस दौरान भारी संख्या में भारजीय जनता पुवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने पुष्पहारों ,आतीशबाजी एवं पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया।

भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर ने युवा मोर्चा सम्मेलन को अपने ओजस्वी उदबोधन में बताया कि भारत का इतिहास सबसे प्राचीन और वैभवशाली रहा है। और देश के युवा इस राष्ट्र ओर संस्कृति के संवाहक है। भारत में तक्षसिला और नालंदा विश्वविद्यालयों ने दुनिया को शिक्षा और व्यवस्थाओं पर मार्गदर्शन दिया। आपने कहा कि वैचारीक मतभेद/युद्ध तो राम -रावण समय से ही चले आ रहे है,हम निती और समृधशाली इतिहास को समेटे हुवे आगे बड रहे है और भाजपा एक मात्र ऐसा दल है, जिसके विचार राष्टवाद और वैभवशाली इतिहास से जुडे है तथा हम भाग्यशाली है कि भाजपा / भाजयुमो के कार्यकर्ता है।

श्याम जी टेलर ने देश के बदलाव पर अपनी बात रखते हुवे कहा कि आजीदी के बाद शिक्षा में हमे आक्रांताओं का इतिहास पडाया गया जबकि झांसी की रानी, वीर शिवाजी,महारणा प्रताप जैसे यौद्धाओं के इतिहास से वंचीत रखा। आज आक्रांता औरंगजेब मार्ग का नाम बदलने पर घोटालेबाज कॉग्रेस विलाप करती है और प्रयागराज करने पर विरोध ,यह उनकी विचारधारा है ,भाजपा का विचार देश को आगे बडाने, विकसीत भारत का निर्माण करने,कश्मिर की धारा 370 हटाने, नक्सलवाद/ आतंकवाद का खात्मा करने राष्ट्र को परम वैभव पर पहुचाने का है जिसपर हमे गर्वहै। आपने मोदी सरकार के 12 वर्ष कार्यकाल के विकास कार्यो और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में युवाओं को ताकल से लगने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री ,विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी ,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज जी माने एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष वैभव महाजन ने भी अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि किसी भी देश की ताकत युवाओं में होती है वह दिशा और दशा तय करता है। सकारात्मकता के साथ राष्ट्र को तेज गती से आगे बडाने में सबसे बडा योगदान इसी युवा का होता है। कॉग्रेस कहती थी कि 1 रूपया भेजते है ,तो 85 पैसा भ्रष्टाचार की भेट चढ जाता है,जबकि आज युपीआई और सिधे जनधन जैसे खातो से भी पुरा 1 रूपया जनता तक पहुचता है बिच का भ्रष्टाचार भाजपा प्रधानमंत्री श्री नेरेन्द्र मोदी के नेतत्व सरकार ने खत्म कर दिया। इस देश में काक्रोच /मच्छर नही पनपने वाले है,भारत राम औ हनुमान के साथ चलने वाला भारत है। आपने भाजयुमो का कार्यकर्ता से अनुरोध किया कि भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में युवा मोर्चा अपनी अहम भूमिका निभाएगा। युवा सम्मेलन का संचालन भाजयुमो के महामंत्री भरत रावल द्वारा एवं आभार विश्वास शिवहरे ने माना। चिटनिस ने ब्रह्मपुर के इतिहास एवं प्रामाणिक इतिहास पर पुस्तक भेट की। भरत रावल द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

मरीचिका गार्डन में वृक्षारोपण:- भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्याम जी टेलर द्वारा शनिवार सुबह मरीचिका गार्डन बुरहानपुर में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज माने भाजयुमो जिलाध्यक्ष वैभव महाजन, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री मनोज लधवे,शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी विरेन्द्र तिवारी सहित युवा मोर्चा पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, पूर्व महापोर अतुल पटेल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष श्री वैभव महाजन,प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के अंकित आर्य प्रदेश मंत्री , आशीष झाला प्रदेश मंत्री,अमन राय कार्यालय मंत्री,रवि शर्मा सोशल मिडिया प्रभारी,प्रीतम बड़ोले जनजाति संपर्क प्रमुख ,भाजपा जिला महामंत्री द्वय चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान,युवा नेता अमित मिश्रा , शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी विरेन्द्र तिवारी सहित जिले की युवा तरूणाई भारी संख्या में उपस्थित थे।

डॉ. गुप्ता और डॉ. पवार को मिली पीएचडी

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। सेवासदन विधि महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत डॉ. वैशाली गुप्ता और डॉ. शेरसिंह एस. पवार ने स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज एल.एन.सी.टी. विश्वविद्यालय, भोपाल से विधि विषय में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त कर महाविद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया।

डॉ. वैशाली गुप्ता के पीएच.डी. का शीर्षक सार्वजनिक कानून के अंतर्गत उपभोक्ता अधिकारों का विष्लेषणात्मक अध्ययन-इंदौर संभाग के विशेष संदर्भ में रहा साथ ही डॉ. शेरसिंह पवार के पीएच.डी. का शीर्षक बाल श्रमिकों की समस्या का विधिक अध्ययन-इंदौर संभाग के संदर्भ में'' रहा। इनके गाइड के रूप में डॉ. नरेन्द्र कुमार थापक कुलपति एल.एन.सी.टी. विष्वविद्यालय, भोपाल से इन्हें भरपूर सहयोग मिला। डॉ. वैषाली गुप्ता एवं डॉ. शेरसिंह पवार द्वारा विधि विषय में पीएच.डी. उपाधि प्राप्त करने पर सेवासदन षिक्षा समिति की अध्यक्ष तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, सचिव हंसमुखलाल जरीवाला, संचालक सुखलाल महाजन द्वारा सम्मानित कर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर विधि प्राचार्य डॉ. मोहनलाल सोनी, सेवासदन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकील, डॉ. अनीष पटेल, डॉ. हर्षद दीक्षित सहित समस्त स्टॉफने भी इन्हें बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

एक नजर में

14 वर्ष से निरंतर सेवाएं दे रही ब्लड हेल्प सोसायटी

ALL INDIA BLOOD HELPLINE

सोसायटी कर रही प्रति दिन 4 से 5 यूनिट रक्तदान संग्रहित

बुरहानपुर। बुरहानपुर के युवाओं के सहयोग से विगत 14 वर्षों से किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर तुरंत ब्लड बैंक पहुचकर रक्त दान किया जा रहा है। यह सब संभव हो पाया है आज के आधुनिक युग के सोशलमीडिया के प्लेटफार्म व्हाटसअप के माध्यम से।

ब्लड बैंक बुरहानपुर संस्था के संस्थापक अंकित व्यास, गौरव सिंघानिया, गौरव मालवीय ने उपरोक्त जानकारी देते हुवे बताया कि ब्लड हेल्प बुरहानपुर के तीन व्हाटसअप ग्रुप जो कार्य कर रहे है उनमे दो ग्रुप युवा लड़को के एवं एक ग्रुप लड़कियों का है। जिसके माध्यम से मरीज को रक्त की जरूरत पड़ने पर तुरंत ब्लड बैंक डोनर को पहुचाकर रक्तदान किया जाता है।

उक्त कार्य ब्लड बैंक बुरहानपुर संस्था के संस्थापक अंकित व्यास, गौरव सिंघानिया, गौरव मालवीय द्वारा किया जाता आ रहा है। उन्ळोने बताया कि प्रति दिवस सोसायटी के सदस्यों द्वारा 4 से 5 यूनिट रक्त दान किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र से बुरहानपुर में एडमिट पेशेंट को आसानी से ब्लड मिल जाता है। बीएसएनएल टावर गिरने पर दुर्घटना में ग्रसित व्यक्तियों को प्राथमिकता से रक्तदान तत्काल किया गया। करोना काल के लॉकडाउन मे भी करोना पेशेंट को रक्तदान हेतु तत्पर रहे।

आदिवासी बालक उत्कृष्ट छात्रावास शिकारपुरा में प्रतियोगिता आयोजित

बुरहानपुर। आदिवासी बालक उत्कृष्ट छात्रावास शिकारपुरा बुरहानपुर में आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों के द्वारा सुंदर आकर्षित कल का प्रदर्शन कर बालको को द्वारा तरह तरह से वेस्टेज चीजों से चंडी गमले एवं केले के रेशों से चिड़िया के घोंसले आदि पेन्डीग सामाग्री बनाने पर अखील भारतीय अनुसुचित जाती युवजन समाज के संभागीय अध्यक्ष राजेश मैरोलिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अधीक्षक सुरेश करोड़ा के द्वारा छात्रों को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार संभागीय अध्यक्ष के हस्तो दिया गया। जनजातिया कार्य विभाग द्वारा संचालित बारहमासी छात्रावास समर कैंप राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह शासकीय उत्कृष्ट सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास बुरहानपुर मैं आज दिनांक 13 जून 2026 को बाल मेले का आयोजन किया गया।

पुलिस की पहल सिकलीगर समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए पुलिस जनसंवाद

बुरहानपुर। बुरहानपुर पुलिस की पहल सिकलीगर समाज को मुख्य धारा से जोडने हेतु पुलिस जनसंवाद_ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश है कि सिकलीकर समाज के युवाओं को कौशल विकास एवं स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें अपराध की प्रवृत्ति से दूर रखना तथा समाज की मुख्यधारा में लाना । जिन्हे शासन की कई योजनाओ के बारे में बताया गया।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी व्दारा सिकलीगर समाज में परिवर्तन के लिये सामुदायिक पुलिसिंग हेतु निर्देशित किया गया था एवं एसडीओपी नेपानगर निर्भयसिंह अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खकनार अभिषेक जाधव व्दारा सिकलीगर समाज के लिए विशेष ष्पुलिस जन संवादष् कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवावर्ग, महिलाऐ एवं समाज के वरिष्टजन शामिल हुये। जिन्हे सिख धर्म की तीन प्रमुख शिक्षाये नाम जपना,किरत करो एवं वंड छको के बारे में बताया गया ।तथा समाज को बेटा.बेटी में समानता की शिक्षा दी गई।

कार्यक्रम में रोजगार के संबंध में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र बुरहानपुर,लोक अधिकारी केन्द्र एवं आगाखान संस्थान के अधिकारीगण श्क्षमा दासए विजय पवार,भारत मौर्य, कृष्णपाल राजपुत, सुनिता मार्को, अर्चना महाजन एवं पुनम कारंजकर उपस्थित रहे ।तथा सिकलीगर समाज के जसपाल सिंह पटवा, तकदीरसिंह, गोपालसिंह, जतनसिंह, दतारसिंह,रेवलसिंह, रोशनसिंह एवं अन्य समाज जनो का विशेष योगदान रहा ।खकनार पुलिस की इस पहल का समाज के लोगो ने स्वागत किया।

पुलिसकर्मियों को जीवनरक्षक प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । जिला चिकित्सालय बुरहानपुर की टीम द्वारा सिंहस्थ 2028 में ड्यूटीरत महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों को प्राथमिक उपचारए सीपीआरए मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मनहित ऐप एवं टेली मानस 14416 की जानकारी भी दी गई। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी सहायता प्रदान करने तथा किसी भी पीड़ित का जीवन बचाने के लिए आवश्यक कौशल से सशक्त बनाना है। इस अवसर पर डॉण् अभिषेक पटेलए सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सीमा डेविडए पूजा शर्मा एवं ग्यारसी लाल द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

राजसत्ता का रास्ता धर्मसत्ता से होकर जाता है : सांसद ज्ञानेश्वर पाटील

उदासीन आश्रम में पुरुषोत्तम कथा श्रवण के दौरान भवन निर्माण के लिए 11 लाख देने की घोषणा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । पुरुषोत्तम मास की पावन बेला में खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने बुरहानपुर स्थित उदासीन आश्रम में आयोजित पुरुषोत्तम कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने व्यासपीठ का पूजन कियाए आरती में सहभागिता की तथा पूज्य महंत स्वामी पुष्करानंद जी महाराजएस्वामी योगेश्वरानंदजी महाराजएसंतजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि राजसत्ता का रास्ता धर्मसत्ता से होकर जाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी मार्ग पर चलते हुए सनातन संस्कृति का ध्वज विश्वभर में फहरा रहे हैं। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। सांसद पाटील ने उदासीन आश्रम के भवन निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए अपनी सांसद निधि से 11 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम तो मात्र निमित्त हैंए देने वाले तो प्रभु हैं। ईश्वर की कृपा से समाज और धर्म की सेवा में योगदान देने का अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश पावरलूम फेडरेशन अध्यक्ष जयंती भाई नवलखे, किशोर शाह, मनोज टंडन,अधिवक्ता संतोष देवताले, आदित्य प्रजापति, एमआईसी चैयरमेन भारत इंगले, अमित नवलखे,राजेश महाजन,डॉ दीपक वाभले,विनायक सहगल, मुकेश तारवालाएलीलाधर भावसार, हेमलाल मोरे,दिनेश धारे,दिलीप चौधरी, श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

कथक नृत्य-पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र,नागपुर के सहयोग से रागिनी कला एवं संगीत महाविद्यालय बुरहानपुर में 10 दिवसीय कथक नृत्य एवं पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं कला प्रेमियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विवेक श्रीरामे ;प्रतिनिधि, दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, नागपुरद्ध रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.सतीश वर्मा प्राचार्य, रागिनी कला एवं संगीत महाविद्यालय, बुरहानपुर ने की। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यशाला का शुभारंभ किया।

कार्यशाला में कथक कलाकार डॉ.खुशबू पांचाल द्वारा प्रतिभागियों को कथक नृत्य की विभिन्न बारीकियों, ताल, लय, भाव एवं मुद्राओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं चित्रकार श्री मोगलन श्रवस्ती प्रतिभागियों को चित्रकला एवं व्यक्ति चित्रण ;पोर्ट्रेट पेंटिंग की तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

अतिथियों ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं कला को संरक्षित एवं संवर्धित करने में ऐसी कार्यशालाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इससे युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने तथा कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य प्रो.अखिल महमदपुरकर, प्रो.आकाश निकम एवं प्रो.मधुबाला निकम सहित अन्य शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री मालविका डांगीवाला ने किया तथा सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। यह कार्यशाला आगामी 10 दिनों तक संचालित होगी, जिसमें प्रतिभागियों को कथक नृत्य एवं चित्रकला का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

भगवान पुरूषोत्तम का पूजनकर ब्राह्मण-संतों को कराया भोजन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । ज्योतिषाचार्य एवं शिवधाम गुरुजी पं योगेश चतुर्वेदी ने बताया कि पुरुषोत्तम अधिक मास के निमित्त शिव धाम मंदिर में भगवान पुरुषोत्तम की पूजा अर्चना हवन कर सैकड़ों संतो ब्राह्मणों का भोज कराया गया।

गुरुजी ने बताया कि पुरुषोत्तम अधिक मास में दान का फल बहुत ज्यादा होता है जिस भगवान प्रसन्न होते हैं एवं समस्त मनोकामना पूर्ण कर जीवन के समस्त दुखों का दूर करते हैं एवं प्रकृति से हम जो ले रहे हैं उसे हमें देना भी चाहिए ।

इसी उद्देश्य से शिवधाम परिसर में पं योगेश चतुर्वेदी गुरूजी द्वारा यजमान से शिवधाम परिसर में पांच पेड़ का पूजन कर लगवाए गए साथ ही हमे जीवन के प्रत्येक शुभ अवसर पर पेड़ लगाना चाहिए।

गुरुजी ने बताया कि पुणे से पधारे शिवम बडगूजर उनकी पत्नी एवं परिवार द्वारा द्वारा सभी का कल्याण हो एवं सभी सुखी एवं निरोगी रहे इस उद्देश्य से पुरुषोत्तम अधिक मास में पूजन हवन किया गया एवं शिव धाम परिसर में गुरुजी के मार्गदर्शन में पांच पेड़ लगाए गए एवं सैकड़ो संतों एवं ब्राह्मणों को वस्त्र शक्कर भरकर पात्र दीपदान भोजन पान सहित दक्षिणा प्रदान की गई।

पुणे से पधारे शिवम बडगूजर उनकी पत्नी भारती बड़गुजर एवं माता, पिता परिवार सहित शिवधाम परिसर में भगवान का पूजन सम्पन्न किया।

इस अवसर पर प पु ए स्वामी नर्मदानंदगिरी जी, पी पी स्वामी कोठारी स्वामीनारायण मंदिर स्वामी पुष्करानंद जी,स्वामी चंद्रप्रकाश स्वामी, मनु महाराज ,मुन्ना भारती जी महाराज, स्वामी ब्रह्मचारी जी, बाल्या महाराज, पं अवधेश पांडे , पं शैलेन्द्र मिश्रा ,पं मोहन बालाजीवाले, सहित सैकड़ो साधु संत ब्राह्मण उपस्थित थे।

बलात्कार केस में फरार स्थाई वारंटी गिरफतार

नवभारत न्यूज, शाहपुर। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर अधिक से अधिक स्थाई वारंट तामील करने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशों के पालन में थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस टीमों का गठन कर टीम द्वारा सतत पतारसी एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर वारंटी की तलाश कर स्थाई वारंट तामील किए जा रहे है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व एसडीओपी नेपानगर श्री निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में थाना शाहपुर पुलिस को वर्ष 2024 से पाक्सो एक्ट में फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। शाहपुर पुलिस टीम द्वारा 'आरोपी राजेश उर्फ राजू पिता मांगीलाल डावर उम्र 23 साल निवासी ग्राम सांभरपुरा थाना शाहपुर को पाक्सो एक्ट में ग्राम सांभरपुरा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

किसान विरोधी आधा प्रतिशत शुल्क कम का फैला रहे भ्रम : रघुवंशी

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। बुरहानपुर जिला केला आधारित फसल के जाना जाता है, जबकि पुरे जिले के किसान लगभग उसी फसल पर निर्भर है, किन्तु उस फसल पर विगत वर्षो से प्राकृतिक आपदाओ ने किसानों को बर्बाद कर रखा है उस पर सरकार भी किसानों को दोहरी मार मार रही है, एक तरफतो उन्हें कोई मुआवजा नहीं दे रही तो दूसरी तरफ फसलों पर मंडी शुल्क मे वृद्धि कर रही है !

उक्त बात कहते हुए कांग्रेस नेता अजयसिंह रघुवंशी ने भाजपा सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगायाण!श्री रघुवंशी ने कहा की ये दो मुंही सरकार के सभी निर्णय किसान विरोधी ही होते हैए एक तरफइनके विधायक कपास पर मंडी शुल्क आधा प्रतिशत कम करने पर स्वयं ही अपनी पीठ थपथपा रहे है जबकि सत्यता यह है की विगत 20 वर्षो से प्रदेश मे भाजपा की सरकार के रहते जिनिंग मालिकों को इतनी प्रताडना दी गई की ये जिला जो केला और कपास के लिए कहलाता था। हां की समस्त जिनिंग फैक्ट्रीया बंद हो गई ओर जिले मे कपास लगना बंद हो गई तब इस सरकार ने उस पर शुल्क कम कर दिया जिससे किसानों को कोई लाभ नहीं होगा। जबकि नुकसान डेढ़ प्रतिशत बढ़ाये गए मंडी शुल्क से होगा वैसे भी देश मे छाई मंदी के चलते कारोबार बंद हो रहे है, अन्य प्रदेश शुल्क कम करने मे लगे है किन्तु मण् प्रण् की भाजपा सरकार शुल्क बढ़ाने मे लगी है!

श्री रघुवंशी ने कहा की जिस प्रकार कपास पर शुल्क बढ़ाकर जिले से कपास की फसल खत्म करने का काम भाजपा ने किया है उसी प्रकार केले की फसल के खिलाफभी एक साजिश रच रही हैए अन्य राज्यों मे जहाँ मंदी शुल्क लगातार घटाया जा रहे है वहा की फसलों की आवक बढ़ी है किन्तु शुल्क घटाने पर आवक लगभग खत्म हुई है!

श्री रघुवंशी ने कहा की इस बढ़े हुए शुल्क के दुष्परिणाम ये होंगे की एक तो मंहगाई बढ़ेगी दूसरा प्रदेश का माल आसपास की मंडियो मे जायेगा जहाँ शुल्क कम हैएअत: सरकार इस शुल्क को तत्काल वापस ले,अन्यथा किसान आंदोलन को बाध्य होगा!

एक नजर — **दुग्धाभिषेक की अविरल धारा में सराबोर हुई श्रद्धा, राम-सीता स्वरूप में सजे लक्ष्मीनारायण देव**

कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया रसपान, नगर निगम आयुक्त ने किए दर्शन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । सीलमपुरा स्थित 200 वर्ष प्राचीन श्री स्वामीनारायण मंदिर में चल रहे पुरुषोत्तम मास महोत्सव के अंतर्गत 28वें दिन भी भगवान लक्ष्मीनारायण देव एवं हरिकृष्ण महाराज का पंचद्रव्य, दुग्ध, घृत, शर्करा,मधु, नारियल जल तथा पवित्र नदियों के जल से दिव्य अभिषेक किया गया। मंदिर में प्राचीन वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनिए भगवान के जयघोष और दुग्धाभिषेक की अविरल धारा का अलौकिक संगम श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रहा थाएप्रात:काल से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर भगवान के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर रहे थे।28वें दिन भी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का वही उत्साह देखने को मिला मानो महोत्सव का पहला ही दिन हो। भगवान के दर्शन कर श्रद्धालु आध्यात्मिक आनंद का अनुभव कर रहे थे।

नगर निगम आयुक्त ने किए दर्शन:- इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव अपनी धर्मपत्नी के साथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने भगवान लक्ष्मीनारायण देव एवं हरिकृष्ण महाराज का पूजन.अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान स्वामीनारायण द्वारा पूजित एवं भक्तों को प्रदत्त लक्ष्मीनारायण देव की प्रतिमा वाला यह मंदिर किसी तीर्थधाम से कम नहीं है। यहां का आध्यात्मिक वातावरण भक्तों को अद्भुत शांति और दिव्यता का अनुभव कराता ।संत भवन एवं सभा मंडप निर्माण में भक्तों का सहयोग मंदिर परिसर में निर्माणाधीन संत भवन एवं सभा मंडप के लिए भक्तों द्वारा श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार दान दिया जा रहा है। पुरुषोत्तम मास के दौरान सेवा और दान की यह भावना निरंतर बढ़ती जा रही है।

राम.सीता और लक्ष्मण स्वरूप में हुआ दिव्य श्रृंगार:- प्रात: श्रृंगार में भगवान लक्ष्मीनारायण देव एवं हरिकृष्ण महाराज को भगवान श्रीरामए माता सीता और लक्ष्मणजी के स्वरूप में सजाया गया। सिंहासन को हरियाली से अलंकृत किया गया था। दिव्य श्रृंगार को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं श्रीरामए सीता और लक्ष्मण धरती पर विराजमान हों। श्रद्धालु इस मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर मंत्रमुग्ध हो गए।

धर्मसभा में शास्त्री चिंतनप्रियदासजी स्वामी ने श्रीमद्भागवत महापुराण के दशम स्कंध का वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का रसपान कराया। उन्होंने माखन चोरीए गोपियों के साथ भगवान की मधुर लीलाओं तथा गोपी की चोटी एखाट से बांधने की लीला का वर्णन किया। मुक्तानंद स्वामी एवं अन्य संतों द्वारा रचित कीर्तनों के माध्यम से भी भगवान की माखन लीला का भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण किया गया। सच्ची भक्ति से भगवान भी भक्तों पर मोहित हो जाते हैं। स्वामी श्री ने कहा कि बच्चों को संस्कारी बनाने की पहली जिम्मेदारी माता.पिता की होती है। उन्होंने भगवान की योगमाया का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान अपनी दिव्य माया से भक्तों के साथ प्रेममय संबंध स्थापित करते हैं। जब भक्त निष्काम भाव से भक्ति करता हैए तब भगवान भी उस भक्त के प्रेम से मोहित हो जाते हैं। यही कारण है कि वृंदावन की गोपियांए राधाजी तथा यशोदा मैया भगवान को अपने प्रेम से बांध सकीं।

उन्होंने श्रीमद्भागवत के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि नंद बाबा और यशोदा मैया पूर्व जन्म में द्रोण और धारा नामक दिव्य दंपति थे। उन्होंने भगवान को पुत्र रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें वरदान दिया और द्वापर युग में उनके यहां श्रीकृष्ण के रूप में अवतरित हुए। यह प्रसंग भगवान और भक्त के बीच अटूट प्रेम एवं समर्पण की महिमा को दर्शाता है।